卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं, यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 50 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦27 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in




## सुरंग में आज से मैन्युअल ड्रिलिंग

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। टनल में फंसे मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए इंतजार लंबा होता जा रहा है। परिजनों की चिंता बढ़ती जा रही है। 16 दिन से फंसे मजदूरों को सुरक्षित निकालने के लिए अब मैनअुल खुदाई भी शुरू करने की तैयारी है। यह खुदाई उस तरफ से होगी, जहां ऑगर मशीन 48 मीटर पाइप टनल बनाने के बाद फेल हो गई थी। उम्मीद की जा रही है कि रेस्क्यू टीम मंगलवार को मजदूरों तक पहुंच सकती हैं। वहीं सुरंग के ऊपर वर्टिकल ड्रिल 36 मीटर तक की जा चुकी है। सोमवार को प्रधान सचिव पीके मिश्रा, गृह सचिव अजय कुमार भल्ला व मुख्य सचिव एसएस संधू ने रेस्क्यू ऑपरेशन से जुड़े



अधिकारियों के साथ अभियान की समीक्षा की।उधर माइक्रो टनलिंग विशेषज्ञ क्रिस कूपर ने बताया कि ऑगर मशीन का सारा मलबा हटा दिया गया। जल्द ही मैन्युअल ड्रिलिंग शुरू हो जाएगी। हमें 9 मीटर हाथ से सुरंग बनाने का काम करना है। यह निर्भर करता है जमीन कैसे व्यवहार करती है। अगर हम कुछ जालीदार गर्डर से टकराते हैं। तो हमें जाली गर्डर को काटना होगा, लेकिन विश्वास है कि हम इससे पार पा सकते हैं। मैन्युअल ड्रिल करने वाली रैट माइनर की टीम में राकेश राजपूत, प्रसाद लोधी, बाबू दामोर भूपेंद्र राजपूत, जैतराम ये पांच रैट माइनर केलपुरा टीकमगढ़ मध्य प्रदेश के निवासी हैं। जबकि एक बिहार निवासी है। मैन्यूअल ड्रिलिंग में रैट माइनर की टीम के साथ (शेष पृष्ठ सात पर)

## एक रात में तीन दुकानों के ताले टूटे

### बेखौफ चोरों ने ब्यूटी पार्लर की दुकान से हजारों की नगदी और जेवर पार



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने श्याम टाकीज रोड़ पर दर्पण कार्यालय के सामने सीक्रेट ब्यूटी पार्लर शॉप की दुकान सहित तीन दुकानों के ताले तोड़ दिये। बेखौफ चोर ब्यूटी पार्लर के गल्ले में रखी हजारों की नगदी तथा जेवर चोरी कर ले गये। जबकि साथ दो दुकानों में भी चोरों ने ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया। लेकिन चोर गल्ले तक नहीं पहुंच पाये। मामले की सूचना मिलने पर आवास विकास चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नीमा बोहरा, कां. पंकज सजवाण मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर तीनों दुकान स्वामियों से मामले की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही आस पास लगे सीसीटीवी की फुटेज को देखा। ब्यूटी पार्लर स्वामी ने पुलिस को तहरीर सौंप दी है। जानकारी के अनुसार श्याम टाकीज रोड़ पर दर्पण (शेष पृष्ठ सात पर)

## फैक्ट्री में भीषण आग से करोड़ों की क्षति

ऋषिकेश(उद संवाददाता)।लक्ष्मण झूला मार्ग पर टायरों पर रबड़ चढ़ाने की एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद आग को काबू किया। फैक्ट्री लम्बे समय से बंद पड़ी थी। लक्ष्मण झूला मार्ग पर भैरव कॉलोनी स्थित एक टायर फैक्ट्री में सोमवार सुबह अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। ये फैक्ट्री आबादी के बीच में स्थित है। भाजपा नेता व दायित्व धारी कृष्ण कुमार सिंघल कि इस फैक्ट्री में सोमवार की सुबह करीब 9:30 बजे अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी और पूरे परिसर को चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर बुलाया गया। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर आग को बुझाने में जुट गयी। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग से करोड़ों की क्षति का अनुमान है।

## रोडवेज बस में तबियत बिगड़ने से महिला की मौत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। हरिद्वार से गंगोलीहाट जा रही महिला की उत्तराखंड परिवहन निगम बस में अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गयी। सूचना पर सिडकुल पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार पहुंचे । उन्होंने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा।पुलिस के मुताबिक रविवार शाम उत्तराखंड रोडवेज की बस संख्या यूके 04-1673 के चालक केवल सिंह निवासी कुंडा काशीपुर व परिचालक राजीव निवासी सितारगंज ने सूचना दी कि बस में हरिद्वार से 60 वर्षीय गोमती देवी निवासी ग्राम खीरमांदे पिथौरागढ़ को उनके दामाद राजवीर गाड़ी में ड्राइवर की पीछे वाली सीट पर बैठा कर गए। गोमती देवी के बगल वाली सीट पर गणेश सिंह व राकेश यादव बैठे थे। गोमती देवी को काशीपुर से पहले उल्टियां हुई। रोडवेज परिचालक की सूचना पर महिला को बस सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर ले जाया गया जहां पर चिकित्सक द्वारा गाड़ी में ही आकर महिला को देखा। बताया कि महिला की लगभग एक घंटा पहले ही मौत हो चुकी है। बाद में दोनों कर्मियों ने महिला को रुद्रपुर जिला चिकित्सालय पहुंचाया। चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि मृतका की मौत की सूचना उनके के बेटे राजू को दी गई। उन्होंने बताया कि दामाद व पुत्री भी पहुंच गए। मौत का कारण जानने को शव को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा गया है। सूचना पर मृतका का बेटा भी पहुंच गया। महिला लड़की के घर से गांव जा रही थी।(शेष पृष्ठ सात पर)

## प्रतिबंधित मांस के साथ दो गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही करते हुए प्रतिबंधित पशु के मांस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि तीन लोग फरार हो गए। वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद सिंह फर्त्याल ने बताया कि मुखविर की सूचना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नारायणपुर के पास एक घर पर प्रतिबंधित पशुओं के मांस की बिक्री की जानकारी दी गई जिस पर कार्रवाई करते हुए मौके पर छापा मारा गया तो वहां पर मांस भेजते हुए पांच लोग दिखाई दिए जिनमें से पुलिस को देखकर तीन लोग फरार हो गए तथा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दो लोगों को धर दबोचा पहुंचा।जिनके कब्जे से मांस काटने के औजार हड्डी 82 किलो प्रति बन्धित मांस बरामद किया गया है । गिरफ्तार अभी (शेष पृष्ठ सात पर)

**किराये हेतु**

डॉक्टर कालोनी, सिविल लाईन रूद्रपुर पहली गली में स्थित 25 x 75 के दो नर्सिंग होम किराये हेतु खाली हैं, जिसमें आई साइट हॉस्पिटल एवं मान्या आयुर्वेदिक सेन्टर चल रहा है।


&lEid dj&
9897067700
9897683006

## महिला ने व्यवसायी अनूप अग्रवाल पर लगाया तीन करोड़ हड़पने का आरोप

काशीपुर(उद संवाददाता)। आबकारी इंस्पेक्टर से पिछले दिनों झड़प व मारपीट करने के आरोपी वरुण अग्रवाल की पत्नी ने नगर के एक व्यवसाई पर 3 करोड रुपए हड़प करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में कोर्ट रोड आनंद होम्स निवासी शराब कारोबारी वरुण अग्रवाल की पत्नी नेहा अग्रवाल का आरोप है कि व्यवसाई अनूप अग्रवाल ने उससे 3 करोड़ रुपए लिए। महिला का आरोप है कि रकम वापस मांगने पर अश्लील एडिटेड फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी जा रही है। महिला का आरोप है कि रकम मांगने पर उसे जान से करने के लिए भी धमकाया जा रहा है। वहीं समाज के एक प्रबुद्ध तबके (शेष पृष्ठ सात पर)

## नगर कीर्तन के दौरान सिलेंडर फटने से हड़कम्प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरूनानक देव जी की जयंती के उपलक्ष्य में निकाले जा रहे नगर कीर्तन के दौरान गैस सिलेण्डर फटने से हड़कम्प मच गया। सिलेंडर से एक साईकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। जबकि एक व्यक्ति चोटिल हो गया। संयोग से बड़ी दुर्घटना टल गयी। मौके पर मौजूद पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी सिलेंडर की चपेट में आने से बाल बाल बचे। इस दौरान काफी देर तक अफरा तफरी का माहोल रहा। जानकारी के अनुसार रविवार (शेष पृष्ठ सात पर)



# खाद्य मंत्री के ताबड़तोड़ छापों के बाद चार मिलों पर कार्रवाई

## राइस मिलों के इम्पैनलमेन्ट हुए निलंबित और टारगेट हुआ निरस्त



देहरादून(उद संवाददाता)। विगत दिनों उत्तराखंड सरकार में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रेखा आर्या ने उधमसिंह नगर जनपद के बाजपुर और जसपुर में राइस मिलों में ताबड़तोड़ छापेमारी की थी । जहाँ खाद्य मंत्री को अपने निरीक्षण में कई सारी खामियां देखने को मिली। जिसपर विभाग ने नियमों का पालन नही कर रही मिलों पर कार्यवाही की है और ऐसी कुल 4 मिलों को सस्पेन्ड किया है। जिनमे धनलक्ष्मी सीड्स बाजपुर, महाबीर राइस मिल बाजपुर , एएसएम, इंडस्ट्रीज बाजपुर और पंजाब राइस मिल जसपुर शामिल हैं। दरअसल बीते रोज खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने जनपद उधमसिंह नगर के बाजपुर व जसपुर में कई मिलों का औचक निरीक्षण किया था जहां कई मिलों में नियमो का उलंघन पाया गया।इसी परिपेक्ष्य में खाद्य विभाग द्वारा यह कारवाही की गई है। खाद्य मंत्री ने बताया कि वहीं एएसएम इंडस्ट्रीज बाजपुर के अपने निरीक्षण में उन्हें यह प्लांट बंद खंडर अवस्था में मिला। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह प्लांट संचालन की अवस्था मे नही है क्योंकि जहां यहां धूल फैली हुई है तो वहीं यहां पर कर्मचारियों का ना होना भी इस बात की पुष्टि करता है कि यह प्लांट भी बंद है। कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह सारे प्लांट सिर्फ एक डमी के रूप में लगाए गए है जिसका उद्देश्य सिर्फ धान का क्रय करना है।कहा कि जिन भी मिलों में कमियां पाई गई हैं उनमें सोर टैक्स मशीन, ड्रायर प्लांट, ब्लेन्डिंग मशीन का ना होना पाया गया इसके अलावा भी कई अन्य खामियां इन मिलों में देखने मे आई।

# प्रत्येक क्षण को सुधारोगे तो मृत्यु भी सुधरेगी

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में कार्तिक मास की कथा के 30वें दिन की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री ने बताया कि मनुष्य की आयु इसी तरह समाप्त हो जाती है निद्रा और भोग विलास में रातें गुजर जाती हैं। धन प्राप्ति एवं परिवार के परिपालन में दिन गुजर जाते हैं, मनुष्य का अधिकतम समय निद्रा और धन कमाने में चला जाता है, भगवान ने गीता में कहा है कि अंत काल में जो मेरा स्मरण करता हुआ देह त्याग करता है वह मुझे पाता है, अंत काल का अर्थ जीवन का नहीं परंतु प्रत्येक क्षण का अंतकाल, सो प्रत्येक क्षण को सुधारोगे तो मृत्यु भी सुधरेगी,लोग मानते हैं कि सारा जीवन काम धंधा करेंगे उल्टा सीधा करके धन कमाएंगे और अंत काल में भगवान का नाम लेकर संसार पार कर लेंगे, यह गलत विचार है।प्रभात फेरी का डा. गोपाल श्रीवास्तव एवं श्रीमती शैल बाला श्रीवास्तव, डा. अजय श्रीवास्तव एवं श्रीमती सुषमा श्रीवास्तव, भाटिया परिवार पंजाबी कॉलोनी के निवास पर जोरदार स्वागत किया गया। मन्दिर में प्रसाद की सेवा अविनाश विश्वास एवं श्रीमती रेखा विश्वास के परिवार द्वारा दी गई।



# एसएस पब्लिक स्कूल ने जीते 17 पदक



गदरपुर(उद संवाददाता)। खेल महाकुम्भ प्रतियोगिता के तहत दिनेशपुर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताओं में एस0 एस0 पब्लिक स्कूल, गदरपुर के छात्रों ने कुल 17पदकों प्राप्त कर जिला उधम सिंह नगर में विद्यालय का नाम रोशन किया। इस दौरान वॉलीबाल टीम,खो खो टीम ,कबड्डी टीम, प्रतियोगी,शुभम कंबोज , लखविंदर सिंह,पंकज,मानसी , मीनाक्षी,ऋतु सैनी, हर्षदीप , लक्ष्मी,सृष्टि टम्टा ने गोल्ड 5, सिल्वर 4 एवं ब्रॉजं 8 जीत कर विद्यालय का परचम लहराया । विद्यालय के चौयरमेन डी0 पी0 सिंह ने खेल महाकुम्भ में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चो को आशीर्वाद दिया तथा भविष्य में विद्यालय के द्वारा राष्ट्रीय स्तर की क्रीड़ास्पर्धाओ में प्रतिभाग करने के लिए चयन किया । विद्यालय के सचिव अभिषेक प्रताप सिंह ने विद्यालय से मिलने वाली सभी सुविधाओं का जायजा लिया एवं विजेता खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार की भी घोषणा की । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य स, परविंदर सिंह जी ने गोल्ड,सिल्वर एवं ब्रॉजं मैडल की जीत पर सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया और बच्चों को विद्यालय के मान सम्मान को बढ़ाने के लिये सभी बच्चों के माता पिता को धन्यवाद कहा । प्रधानाचार्य ने सभी को उच्च स्तर के स्पर्धाओ के प्रतिभाग करवाने के लिए विद्यालय विद्यालय का क्रीडा स्थल भी उपलब्ध कराने का वादा किया और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को धन्यवाद कहा जिन्होने इस तरह की स्पर्धा करवा कर प्रतिभाओ की खोज करने का लक्ष्य रखा अंत मे प्रधानाचार्य ने विद्यालय परिवार का धन्यवाद किया।

# संविधान दिवस पर हुई विचार गोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता

गदरपुर(उद संवाददाता)। नेहरू केंद्र उधम सिंह नगर के जिला युवा अधिकारी आशीष पाल के निर्देशन पर गदरपुर की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मुस्कान चावला द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर कल्पना चावला युवा क्लब के सहयोग से नगर के स्वामी इंस्टिटयूट आवास विकास गदरपुर में संविधान दिवस पर विचार गोष्ठी व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में स्वामी इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर विशाल सक्सेना ने बताया कि हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है यह वह दिन है जिस दिन भारत का संविधान अपनाया गया था यह दिवस न केवल संविधान को अपनाने को प्रतिबिंबित करता है बल्कि यह दिन हमें अपने संविधान में निहित आदर्श सिद्धांतों को अपनाने के लिए भी प्रेरित करता है। कल्पना चावला युवा क्लब अध्यक्ष तनीषा चावला ने कहा कि इस दिन स्वतंत्र भारत की संविधान सभा ने वर्तमान संविधान को विधिवत रूप से अपनाया संविधान दिवस पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने विचार रखें व विजयी प्रतिभागियों को स्वामी इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर विशाल सक्सेना द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में संविधान के निष्ठापूर्वक पालन हेतु सभी द्वारा शपथ ली गई । इस मौके पर इंस्टिट्यूट की अध्यापिका महिमा, डौली, प्रणब, रूहानी, सहज, गुनगुन,हर्षित, कार्तिक, अंश,तरंग आदि 40 प्रतिभागी मौजूद रहे।



# भमरौला पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विकासखण्ड रूद्रपुर की ग्राम पंचायत भमरौला में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वागत समिति के सदस्य श्रीमती आरती पाण्डेय, इन्द्रावती, फुला, बिन्दु सिंह एवं रीता देवी द्वारा स्वागत किया गया तथा उत्सव समिति के सदस्य के.के. मेलकानी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, पंकज तिवारी, रोजगार सेवक, श्रीमती आरती पाण्डे, सीआरपी एनआरएलएम , सरिता देवी आशा कार्यकत्री एवं मीना आंगनबाड़ी कार्यकत्री कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 135 व्यक्तियों / लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलायी गयी। उक्त आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हथकरघा विभाग, गन्ना विकास विभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, आयुष्मान भारत, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, नाबार्ड, विभागों द्वारा स्टॉल लगाई गयी। उक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम ग्राम पंचायत भमरौला में 24 पुरुष एवं 96 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभार्थियों को समस्त विभागों की जनकल्याण कारी योजनाओं जैसे– आत्मा योजना, के.सी.सी. और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पी.एम.के. एस.वाई. योजना, पी.एम. उज्जवला योजना इत्यादि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया । कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत भमरौला में 7 कृषकों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव सांझा किया गया। कार्यक्रम में डॉ० वर्षा पाण्डे स्वास्थ्य विभाग द्वारा लाभार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण किये गये। कार्यक्रम में जनपदस्तरीय नोडल अधिकारी श्रीमती भावना जोशी, मुख्य उद्यान अधिकारी, ऊधमसिंह नगर एवं ग्राम पंचायतवार नियुक्त सहायक नोडल अधिकारी आलोक वर्मा, गन्ना पर्यवेक्षक एवं गोसिया रहमान ग्राम प्रधान, कविता भाटिया, उद्यान निरीक्षक, मनरेगा से जयपाल सिंह अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी इत्यादि उपस्थित रहे।



# ग्रामीणों को पहुंचाया सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

खटीमा (उद संवाददाता)।विकासखण्ड खटीमा की ग्राम पंचायत पहेनिया में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वागत समिति के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में 120 अधिकारीगण / व्यक्तियों / लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलायी गयी। उक्त आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उद्यान विभाग, गन्ना विकास विभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, आयुष्मान भारत, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, विभागों द्वारा स्टॉल लगाई गयी। उक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम ग्राम पंचायत पहेनिया में पुरुष एवं महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभार्थियों को विभागीय अधिकारियों द्वारा आईईसी प्रचार



वाहन की एलईडी के माध्यम से समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे– आत्मा योजना, के.सी.सी. और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पी.एम. के.एस.वाई. योजना, पी.एम. उज्जवला योजना इत्यादि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियों को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों / सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत पहेनिया में 04 कृषकों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव सांझा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित 01 लाभार्थी को अपने प्रक्षेत्र में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में इच्छुक लाभार्थियों के उज्जवला योजना के 9 कार्ड भी बनाये गये। हेल्थ कैम्प में 58 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कार्यक्रम में जनपदस्तरीय नोडल अधिकारी तरूण कुमार पन्त, खण्ड शिक्षा अधिकारी, खटीमा एवं ग्राम पंचायतवार नियुक्त सहायक नोडल अधिकारी निशा देवी, उद्यान निरीक्षक एवं संजीव सिंह ग्राम प्रधान, अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी इत्यादि उपस्थित रहे।

# करनाल में देवभूमि फाउंडेशन टीम को मिला पहला राष्ट्रीय सम्मान

किच्छा(उद संवाददाता)। देवभूमि फाउंडेशन टीम के अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र को करनाल में आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि ये सम्मान पूरी देवभूमि फाउंडेशन टीम का सम्मान है। देवभूमि फाउंडेशन लगातार रक्तसेवा करने में लगी है जिससे लगातार बहुत लोगों की जान को बचाया जा रहा है। रक्तसेवा के साथ साथ एंबुलेंस सेवा लावारिश घायल पीड़ितों का इलाज घायल बेजुबानों का इलाज करा रही है।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# प्रकाशोत्सव पर गुरूद्वारे में गुरमति समागम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरूनानक देव जी महाराज के प्रकाशोत्सव पर आज गुरूद्वारा श्री गुरूसिंह सभा, गोल मार्केट में गुरमति समागम आयोजित किया गया। जिसमें कविशरों, कथावाचकों, रागी जत्थों व डांढ़ी जत्थों द्वारा गुरू की महिमा का गुणगान कर सभी से गुरू के बताये मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। गुरूद्वारे में आज हजारों की संख्या में संगत ने श्री गुरूग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाया। गुरमति समागम में कीर्तनी जत्था दिल्ली भाई साहिज दीप सिंह, कथावाचक श्री दरबार साहिब भाई हरप्रीत सिंह, ढ़ाडी जत्था पंजाब के ज्ञानी प्रेम सिंह जी पदम, रागी जत्था रूद्रपुर भाई पवनदीप सिंह, रागी जत्था बिलासपुर उभाई खजान सिंह, हजूरी हेड ग्रन्थी ज्ञानी रेशम सिंह तथा हजूरी रागी जत्था भाई गुरजीत सिंह ने गुरू की महिमा का गुणगान किया। गुरूद्वारे में अटूट लंगर भी बरताया गया। आज सायं 5.30 बजे से रात्रि 12 बजे तक गुरमति समागम आयोजित किया जायेगा। इस मौके पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान जसपाल सिंह भट्टी, सेकेट्री मनजीत सिंह मक्कड़, मीत प्रधान सतनाम सिंह हुंडल, प्रीतम सिंह चावला, मीत सेकेट्री परविन्दर सिंह पम्मा, मेडिकल इंचार्ज गुरमीत सिंह बठला, पूर्व प्रधान सुरमुख सिंह विर्क, कैशियर हरविन्दर सिंह, गुरूद्वारा प्रबंधक कुलवंत सिंह, किशनपाल चौधरी ,हरभजन सिह, अवतार सिंह, कृपाल सिंह, संतोख सिंह, रणजीत सिंह, हरनाम सिंह, अमरजीत सिंह, जसविन्दर सिंह, अवतार सिंह,समरपाल सिंह सहित हजारों की संख्या में संगत मौजूद थी।











## पुलिस ने रेट्रो साइलेंसर लगी दो बुलेट की सीज

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलिस ने रेट्रो साइलेंसर लगे दुपहिया वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2 बुलेट बाइकों को सीज कर दिया। किच्छा क्षेत्र में रेट्रो साइलेंसर लगाकर बुलेट मोटरसाइकिलों को दौड़ाया जा रहा है। इनकी तेज आवाज से सड़कों पर आवाजाही करने वाले लोगों, व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हृदय रोगियों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं के लिए भी ये आवाज बेहद घातक है। प्रतिबंध के बाबजूद नगर व ग्रामीण अंचलों में रेट्रो साइलेंसर का प्रयोग धड़ल्ले से बढ़ रहा है। पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर 2 बुलेट मोटर साइकिलों को सीज कर दिया, अन्य वाहनों के भी चालान किए गए। व्यापारियों और नगर के लोगों ने पुलिस कार्रवाई का स्वागत करते हुए नियमित अभियान चलाने की मांग की। किच्छा एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल ने कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। इसी क्रम में एक दर्जन से अधिक वाहनों का चालान भी किया गया।



## अवैध खनन में दो वाहन सीज

किच्छा(उद संवाददाता)। विधानसभा अंतर्गत पट्टे की आड़ में अवैध तरीके से खनन कर रहे कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए तहसीलदार गिरीश चन्द्र त्रिपाठी ने शांतिपुरी से एक डम्पर और एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ कर सीज किया है। किच्छा में मशीनों से अवैध खनन को लेकर शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद प्रशासन ने मामले को गम्भीरता से लेकर तत्काल विभाग ने कार्यवाही करने के लिये मोके पर रवाना हुए और एक डम्पर ओर एक ट्रेक्टर ट्राली को पकड़ लिया और उप जिलाधिकारी कार्यालय के सामने डम्पर को लाकर खड़ा कर दिया है।तहसीलदार गिरीश चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि अवैध खनन को किसी भी दशा में बर्दाश्त नही किया जायेगा तथा ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ भी अभियान चलाया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से विभाग को अवैध खनन की भी शिकायत मिल रही थी।



## पूजा करने आई महिला को मारपीट कर किया घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम बिगवाड़ा स्थित रॉयल रेजिडेंसी में पीपल पेड़ के नीचे पूजा कर रही एक महिला को यहीं के निवासी दम्पत्ति द्वारा मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। मामलें की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अंशु तिवारी पत्नी चन्द्र प्रकाश तिवारी, निवासी रोयल रेजिडेन्सी बिगवाड़ा, ने कहा है कि 21 नवम्बर को सायं लगभग 7 बजे वह अपने घर के बगल वाले पार्क में लगे पेड़ के नीचे पूजा कर रही थी। पेड़ के नीचे पूजा की थाली रखी थी जिसमें दीया जल रहा था। तभी पड़ोस में रहने वाले अजय सिंह ने पूजा की थाली में पानी गिरा दिया। जिससे पूजा की थाली खराब हो गई। उसने जब इस बात की शिकायत की तो अजय सिंह तथा उसकी पत्नी पूनम सिंह उससे गाली गलौच करने लगे। इसका विरोध किया तो अजय सिंह तथा उसकी पत्नी पूनम सिंह ने उसे मारना पीटना शुरू कर दिया। शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोगों ने आकर उसे बचाया। जाते जाते अजय सिंह तथा उसकी पत्नी पूनम सिंह उसे जान से मार देंने की धमकी दे गये। अंशु का कहना है उसने पुलिस को कॉल किया जिससे मौके पर पुलिस आ गई थी। मारपीट में बाएं हाथ की बीच वाली उंगली टूट गई ,दोनों कानों से खून आ गया तथा बायं कान के पर्दे में छेद हो गया। जिसका ईलाज किया गया। उसका पति विदेश में रहता है तथा वह अपने छोटे-छोटे 2 बच्चों के साथ अकेली रहती है। जिससे उसे जानमाल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिला स्तरीय अंडर 19 बालक वर्ग फुटसल प्रतियोगिता संपन्न

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला फुटसल एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर की ओर से मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रूद्रपुर में जिला स्तरीय अंडर 19 बालक वर्ग फुटसल प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को हुआ। प्रतियोगिता के शुभारंभ मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं जिला जु-जित्सू संघ, ऊध म सिंह नगर के महासचिव ऋषि पाल भारती विशिष्ट अतिथि अंतर्राष्ट्रीय पैरा बैडमिटन खिलाड़ी शरद जोशी द्वारा संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ऋषि पाल भारती ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद स्वास्थ्य-रक्षा का निःशुल्क साधन है। स्वामी विवेकानंद जी ने स्वास्थ्य का मस्तिष्क पर प्रभाव के विषय में अपने विचार स्पष्ट रूप से व्यक्त किए थे "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। "खेलों से स्वास्थ्य तो ठीक रहता ही है इनसे मनुष्य का चारित्रिक और आध्यात्मिक विकास भी होता है। खेलकर से पुष्ट और स्फूर्तिमय शरीर ही मन को स्वस्थ बनाता है। खेलकूद मानव मन को प्रसन्न और उत्साहित बनाए रखते हैं। खेलों से नियम पालन के स्वभाव का विकास होता है और मन एकाग्र होता है। खेल में भाग लेने से खिलाड़ियों में सहिष्णुता, धैर्य और साहस का विकास होता है तथा सामूहिक सद्भाव और भाईचारे की भावना बढ़ती है। और आगे विशिष्ठ अतिथि शरद जोशी ने कहा कि एक बेहतर भविष्य का निर्माण करने के लिए खेल एक बहुत ही प्रभावी तरीका है क्योंकि यह सभी के लिए सम्मान और अच्छी नौकरी के अवसरों का मार्ग प्रशस्त करता है। जानकारी देते हुए जिला फुटसल एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के महासचिव नीतीश कुमार ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में स्पोर्टस स्टेडियम रूद्रपुर, स्टॉनरिज पब्लिक स्कूल, जेसीज पब्लिक स्कूल रूद्रपुर, किंग्स हाइट इंटरनैशनल स्कूल नेता नगर, रेडरोज स्कूल सहित कुल छः टीमों ने प्रतिभाग किया। सचिव नीतिश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में सभी टीमों के मध्य कड़े मुकाबले हुए और रोमांचित खेल का प्रदर्शन करते हुए रूद्रपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम और स्टोनरिड्स पब्लिक स्कूल रूद्रपुर ने पहले सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जिसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम टीम (ए)ने 04-01 के स्कोर से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल मैच जेसीज पब्लिक स्कूल और स्पोर्ट्स स्टेडियम (बी) टीम के साथ हुआ जिसमे जेसीज ने 04-02 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में जेसीज और स्पोर्ट्स स्टेडियम के मध्य काफी कड़ी टक्कर हुई। जिसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम ने जेसीज स्कूल को 02 -01 के स्कोर से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। और उन्होंने कहा कि उक्त प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी दिसंबर माह में अयोजित होने वाली राज्य स्तरीय फुट्सल प्रतियोगिता में ऊधम सिंह नगर की ओर से प्रतिभाग करेंगे। जिनके नामों की सूची जल्द ही बताई जाएगी। प्रतियोगिता में निर्णायक रैफरी में राहुल जोशी, शिवम नेगी शामिल रहे। इस मौके पर जगदीश भट्ट, राजेंद्र पांडेय, गोविंद परिहार, सुरेश बिष्ट, हरीश राम, नवनीत राव, सूबेदार शिव दत्त त्रिपाठी, बलविंदर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।












# गुरुनानक जयंती पर गुरमत समागम में उमड़ी संगत





गदरपुर(उद संवाददाता)। गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को समर्पित गुरमत समागम के दौरान एक दर्जन से अधिक घरों में प्रभात फेरी एवं गुरबाणी शबद कीर्तन का आयोजन किया गया। गुरु नानक जयंती पर ग्राम बलखेड़ा तहसील गदरपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड में स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा ग्राम बलखेड़ा के मुख्य सेवादार भाई अवतार सिंह के आह्वान पर गुरुद्वारा साहिब में हर वर्ष की भाँति गुरमत समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सहज पाठ के भोग के उपरांत दल बाबा बिधि चंद निहंग सिंह छावनी ग्राम सुर सिंह जिला श्री अमृतसर के तत्वाधान में संचालित गुरुद्वारा बाबा मनोहर सिंह सितारगंज से आए जत्थेदार कुलदीप सिंह ने ष्सतगुरु नानक प्रगटिया मिटी धुंध जग चानन होया एवं धन नानक तेरी बड़ी कमाई ,घर-घर अंदर धर्मशाल होवे कीर्तन सदा बिसोवा का गायन करके संगत को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं प्रदान की वहीं गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा केला खेड़ा के भाई कुलदीप सिंह एवं मनमीत सिंह, भाई करनैल सिंह, उत्तराखंड सिख मिशन काशीपुर के प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह, सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के इंचार्ज देवेंद्र सिंघ द्वारा गुरु नानक देव जी के जीवन की मुख्य घटनाओं एवं साखियों पर आधारित जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया ।वक्ताओं ने किरत करनी, नाम जपना एवं बांटकर खाना के अलावा गुरबाणी पाठ एवं गुरुमुखी अक्षर ज्ञान प्राप्त करने का आह्वान किया। इस दौरान सभी वक्ताओं को गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार भाई अवतार सिंह तथा सिमरन सिंह द्वारा सरोपा भेंट कर ष्बोले सो निहाल,सत श्री अकालष के जयकारे के साथ सम्मानित किया गया। तदुपरांत संगत द्वारा एक दर्जन से अधिक घरों में जाकर शब्द कीर्तन करते हुए सर्वत्र सुख शांति की अरदास की। उल्लेखनीय हो कि गुरुद्वारा बाबा मनोहर सिंह सितारगंज में तीन दर्जन से अधिक जरूरतमंद गुरुसिख परिवारों के बच्चों को निशुल्क गुरबाणी पाठ,कीर्तन एवं मार्शल आर्ट गतका की शिक्षा प्रदान करने के साथ आवास एवं भोजन की व्यवस्था की जाती है जिसके लिए संगत द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा सिंह सभा केला खेड़ा के प्रधान परमजीत सिंह, डॉ,मनोहर सिंह चावला, अजीत सिंह, आत्मजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, मनजिंदर सिंह, गुरबख्शीश सिंह,नरेश सिंह,सुरजीत सिंह,सुरेंद्र सिंह,प्रभजोत सिंह,जयदीप सिंह, अमरीक सिंह, बीडीसी सलविंदर सिंह कलसी,बचित्र सिंह,अमरजीत सिंह, रणवीर सिंह, कुलदीप सिंह,इंदर सिंह, जगजीत सिंह,नरेंद्र सिंह,राजेंद्र सिंह, सनप्रीत सिंह,बलकार सिंह, पवनदीप सिंह, देवेंद्र सिंह,इंदर सिंह, पाल सिंह, रणवीर सिंह,तरविंदर सिंह,विक्रम सिंह नवजोत सिंह,जसवीर कौर, खुशदीप कौर, प्रभजोत कौर, कमलजीत कौर, अमनजोत कौर,अमर कौर,हरबंस कौर, हरप्रीत कौर, पवनदीप कौर, जैसमीन कौर,गगनदीप कौर, अमरजीत कौर, पूजा रानी,सरिता रानी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।




# श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

गदरपुर (उद संवाददाता)। देवउठनी एकादशी एवं खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव को श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में धूमधाम से मनाया गया। नगर के बुध बाजार स्थित सनातन मंदिर परिसर में बने विशाल हॉल में बाबा श्याम के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में विशाल भंडारे एवं श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन में हजारों श्याम प्रेमियों को बाबा के जन्मोत्सव की बधाई देते हुए श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में बरेली नाथ नगरी से आई भजन प्रवाही का आयोजिका अरोड़ा द्वारा भक्तों को भजनों पर नाचने झूमने पर मजबूर कर दिया बाबा श्याम के जन्मोत्सव की खुशी हर शाम प्रेमी के चेहरे पर नजर आ रही थी श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान सेवादार विजय अनेजा ने बताया कि आज के दिन बाबा श्याम के मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ था और बाबा श्याम को सिंहासन पर विराजमान किया गया था। तब से आज के दिन को ही बाबा के जन्मोत्सव के रूप में हर शाम प्रेमी मानता है देवउठनी एकादशी वर्ष की सबसे महत्वपूर्ण एकादशी है जिसमें बाबा श्याम की असीम कृपा से हर शाम प्रेमी की मन चाही इच्छा पूर्ण होती है। उन्होंने देशभर के श्याम प्रेमियों को श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से बाबा के पावन जन्मोत्सव की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। बाबा श्याम के जन्मोत्सव के उपलक्ष में आयोजित संकीर्तन में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अरविंद पांडे भी पहुंचे जहां श्याम मित्र मंडल ने क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे का सम्मान किया। साथ ही स्वामित्र मंडल ने क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे द्वारा बनाए गए विशाल हॉल की सराहना करते हुए उनको धन्यवाद किया। इस मौके पर श्याम मित्र मंडल के सेवादार सचिन बत्रा, संदीप बत्रा, रोहित सुदामा, कपिल चंद्रा, राहुल चंद्रा, रोहित कंबोज, मनीष फुटला,संजय ठुकराल, योगेश छाबड़ा, शोभित हुड़िया, गोल्डी गाबा,वेद बजाज,राकेश भुड्डी, राजकुमार भुड्डी,जीतू गंगवार, गौरव तेजवानी, केशव कुमार, लविश गाबा, महक चौधरी,नरेश पसरिचा, यशपाल गुम्बर, शंटी कालड़ा, साहिल नारंग, अंकुश अनेजा, रोबिन गाबा, निखिल मुंजाल, नितिन मुंजाल,रजत गाबा, विक्की भुसरी, मुकेश चावला, संजीव कुमार, सावन गुम्बर, चिराग अनेजा, सचिन गाबा, यश कालड़ा सहित श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।



# विधायक शिव अरोरा ने बूथ संख्या 85 पर सुनी मन की बात

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने खेड़ा वार्ड नं 18 के बूथ संख्या 85 में प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 107 वे संस्करण के निमित्त आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक शिव अरोरा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के अंदर कोने कोने में छिपे प्रतिभाशाली हुनरवान लोगो के हनुर को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के बीच साझा करते हैं, तो वही देश ने देखा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वदेशी तेजस से उड़ान भरकर देश के आत्मनिर्भर भारत की ताकत को दिखाया है, विधायक बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात से हम सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिलती है। इस दौरान प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, मेयर रामपाल, फरजाना बेगम, इन्तेजार हुसैन, परवेज खान, श्वेता मिश्रा, मुकेश पाल, व अन्य लोग मौजूद रहे।






# धामी सीएम ना होते तो शायद ही बन पाता 'आईएसबीटी'

## पूर्व सीएम त्रिवेंद्र की टनकपुर रोडवेज की दो बड़ी घोषणाओं को शासन ने कर दिया था विलोपित

-नरेश जोशी-

टनकपुर। अगर उत्तराखंड की पिछली सरकारों को घोषणाओं की सरकार कहा जाए तो, यह कहना शायद गलत नहीं होगा। दो दशक पूरे कर चुके उत्तराखंड राज्य की पिछली सरकारों के मुखियाओं की न जानें कितनी घोषणाएं फाइलों में कहीं गुम सी हो गई हैं। इसका एक बड़ा उदाहरण पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत द्वारा टनकपुर के रोडवेज को लेकर की गई दो बड़ी घोषणाएं भी हैं जिसे उत्तराखंड शासन ने वर्ष 2021 में विलोपित कर दिया था। यह कहना कुछ हद तक गलत नहीं होगा कि अगर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर रोडवेज की घोषणा आईएसबीटी को गंभीरता से नहीं लिया होता तो शायद इसका भूमि पूजन होना मुश्किल था। यहां बता दें प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चंपावत विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव जीतकर आए हैं। उपचुनाव के दौरान ही सीएम धामी के समर्थकों ने चंपावत विधानसभा क्षेत्र की जनता से कई बड़े वायदे किए थे इसके साथ ही मुख्यमंत्री धामी कई बार कह चुके हैं कि चंपावत जनपद को आदर्श जनपद बनाना उनका बड़ा मकसद है चंपावत विधान सभा के प्रवेश द्वार टनकपुर में आईएस बीटी का निर्माण मानो किसी बड़ी चुनौती से कम न था इसकी सबसे बड़ी वजह यह थी कि आईएसबीटी का निर्माण 45000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में प्रस्तावित था इसके लिए रोडवेज कार्यशाला,जीएम कार्यालय, के साथ ही भूमि का अधिकांश भाग जल निगम के पास था जिसकी हस्थानांतरण की कार्यवाही में बेहद कागजी रोड़ा सामने आ रहा था गौरतलब है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने के कुछ माह बाद ही जुलाई 2017 में टनकपुर में रोडवेज की केंद्रीय कार्यशाला को लेकर घोषणा की थी इसके बाद पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत ने अक्टूबर 2019 में टनकपुर में आधुनिक बस अड्डा बनाए जाने को लेकर दूसरी घोषणा की। हैरानी की बात यह है कि इन दोनों घोषणाओं को परिवहन निगम की आख्या के बाद शासन ने जून 2021 को विलोपित कर दिया था। इसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर में आईएसबीटी को लेकर एक बड़ी घोषणा कर डाली। जिसको पूरा करना सरकारी सिस्टम के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम न था। यह बता दें कि स्वयं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा चंपावत विधानसभा क्षेत्र को लेकर सैकड़ो घोषणाएं की गई है। चंपावत जिला प्रशासन के साथ ही देहरादून में बैठे बड़े अधिकारी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणाओं को लेकर समीक्षा करते रहते हैं इनमें से अधिकांश घोषणाओं में वन विभाग सहित कई भूमियों के हस्तांतरण का मामला फंसा हुआ है। बावजूद इसके सीएम पुष्कर सिंह धामी द्वारा चंपावत जनपद के जिलाधिकारी नवनीत पांडे के साथ-साथ जनपद चंपावत में नोडल अधिकारी के रूप में तैनात किए गए अनुभवी अधिकारी केदार बृजवाल लगातार सीएम की घोषणाओं को पूरा करने के लिए धरातल पर काम करते देखे गए हैं सीएम पुष्कर सिंह धामी द्वाराआई एसबीटी के भूमि पूजन की बात करें तो आईएसबीटी के निर्माण में भी रोडवेज व जल निगम की भूमि के अदला- बदली का मामला कागजों में उलझा हुआ था मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा आईएसबीटी को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त हृदय दी गई थी कि जल्द ही कागजी कार्रवाई को पूरा किया जाए नहीं तो कार्यवाही की जाएगी सीएम की सख्त हिदायत के बाद आज टनकपुर ही नहीं बल्कि समस्त पहाड़ी व मैदानी क्षेत्र के लिए एक मिसाल के रूप में टनकपुर में भव्य आईएसबीटी का भूमि पूजन हो चुका है और साथ ही आईएसबीटी का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है जिसको लेकर उत्तराखंड के कुमाऊं के पहाड़ ही नहीं बल्कि मैदानी क्षेत्र में भी चर्चा है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं।

- जुलाई 2017 में टनकपुर रोडवेज को केंद्रीय कार्यशाला बनाने की घोषणा की गई थी
- अक्टूबर 2019 में टनकपुर बस अड्डे को आधुनिक बस अड्डा बनाए जाने की घोषणा की गई थी
- वर्ष 2021 में परिवहन निगम की आख्या के बाद शासन ने पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत की इन दोनों घोषणाओं को विलोपित कर दिया था






# नगर कीर्तन का युवाओं ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव महाराज जी के गुरु पर्व पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा द्वारा आयोजित महान नगर कीर्तन का युवाओं ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के संयोजक जिला पंचायत सदस्य लखबीर सिंह लक्खा तथा युवा उत्तराखंड पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ थे। समाज सेवी सुशील गाबा के नेतृत्व में युवाओं ने नगर कीर्तन का स्वागत किया। युवाओं ने नगर कीर्तन में सबसे आगे चल रहे पंच प्यारों का सरोपा भेंट कर, शाल ओढ़ाकर एवम पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद नगर कीर्तन के आयोजक श्री गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के समस्त पदाधिकारियों, सभी स्कूलों के टीचरों, समस्त झांकियों, राजनीतिक दलों, सामाजिक एवम धार्मिक संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारियों, छात्रसंघ, रामलीला कमेटी आदि के पदाधिकारियों का भी स्वागत किया गया। नगर कीर्तन के अंत में चल रहे पालकी साहब पर भी भारी संख्या में पुष्प वर्षा की गई। युवाओं के पंडाल को तिरंगे बैलून से डेकोरेट किया गया था और बिस्किट तथा शीतल पेय पदार्थ के प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। सभी युवाओं ने सेवा भावना तथा श्रद्धा भाव से सेवा कार्य किया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के पदाधिकारी ने भी इस कैंप के आयोजकों को स्वरूप सरोपा भेंट कर एवं मिष्ठान देकर गुरु पर्व की बधाई देते हुए सम्मानित किया। इस दौरान लखबीर सिंह लक्खा, सुशील गाबा, भारत भूषण चुघ, विनय बत्रा, गौरव खुराना, संदीप संधू, सोनू चीमा, जावेद अख्तर, हैप्पी रंधावा, प्रीत चिलाना, सौरभ शर्मा, शमीम खान, अमित गंभीर, कृपाल सिंह, गुरजीत सिंह रंधावा, गौरव अनेजा, मुकेश वसिष्ठ, राज कोली, हैप्पी सिंह, राजीव छाबड़ा, कृपाल सिंह, आदि तमाम लोग मौजूद थे।

# जेडीएम स्कूल में मनाया संविधान दिवस



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जेडीएम स्कूल दमुआढुंगा काठगोदाम में संविधान दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रदेश संगठन मंत्री भाजपा अजय कुमार एवं मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा भाजपा समीर आर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र बाली ने किया। मुख्य वक्ता अजय कुमार ने संविधान दिवस के विषय में विस्तृत जानकारियां दी और संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन इतिहास की जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन काठगोदाम मंडल अध्यक्ष किशोर जोशी ने किया। कार्यक्रम में महेश जोशी, अरुण कुमार टम्टा, मुन्नी बिष्ट, पनराम, शिवगणेश, विजय कुमार, प्रशांत नेगी, भुवन आर्य लोगों उपस्थित रहे।

# तमंचा कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडा पुलिस ने गश्त के दौरान एक बदमाश को पकड़कर उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। हत्थे चढ़ा बदमाश अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में था। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश से जरूरी जानकारी जुटाना के बाद उसका आर्म्स एक्ट के तहत चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक कुंडा थाना पुलिस रोजाना की भांति क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने मंडी पुलिस चौकी के पास से पवार रिजॉर्ट के समीप, ग्राम सरवरखेड़ा निवासी एक शख्स को संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम निंद्रेश कुमार पुत्र बांकेलाल बताया। पूछताछ में उसके कब्जे से पुलिस को एक अवैध तमंचा तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। जरूरी जानकारी जुटाने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश का आर्म्स एक्ट के तहत चालान करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

## पुलिस की प्रतिष्ठा पर कारखास पोत रहे हैं कालिख

काशीपुर। थाने की विभिन्न चौकियों में कारखास बनाए गए पुलिस कर्मियों पर अवैध उगाही के आरोप लगाए जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि खर्च तथा लेनदेन का सारा हिसाब किताब रखने वाले यह पुलिसकर्मी मित्रता सेवा सुरक्षा के जुमले पर कालिख पोतने का काम कर रहे हैं। मजे की बात है कि ऊपर तक सेटिंग होने के कारण इनका तबादला भी नहीं होता। ऐसे ही थाने की चौकियों में चौकीदार के नाम पर प्राइवेट लोगों को बाकायदा सैलरी पर रखा गया है जिनके बारे में सूत्रों का कहना है कि वह अवैध उगाही में पुलिस की मदद करते हैं।

# प्रकाश पर्व पर गुरमत समागम आयोजित



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। साहिब श्री गुरु नानक देव जी के पावन प्रकाश पर्व पर गुरद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा में गुरमत समागम प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम हेड ग्रंथि स.अमरीक सिंघ ने रेहरास साहिब के पाठ से दीवान की शुरुआत की। उपरन्त हजूरी रागी परमजीत सिंघ एवं साथियो ने शब्द कीर्तन करा। पुंछ सर्कल से आये प्रचारक मनमोहन सिंघ ने गुरु साहिब के उपदेशों को संगत के साथ गुरु साहिब के जीवन से संबंधित साखियों द्वारा समझाया। उन्होंने बताया कि गुरु साहिब की मनोकल्पित तस्वीरों की बजाए गुरु साहिब की पावन बाणी से उनके विचार समझने की जरूरत है। गुरु साहिब के पावन बचन किरत करो, नाम जपो, और वंड के छको' को हमे अपने जीवन मे धारण करके समाज मे फैलाना चाहिए।अंत मे चंडीगढ़ से आये भाई हरप्रीत सिंघ एवं साथी गुरु साहिब की पावन बानी ष्गुर नानक जिन सुण्या पेख्याष एवं ष्धन नानक तेरी वडी कमाईष आदि शबदो के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमयी बना दिया। संगत ने भी भाई साहिब के साथ गुरु साहिब की बानी को जपा। अन्त में अरदास के साथ दीवान की समाप्ति हुई। सभी संगत ने गुरु का लंगर छका।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भारत की कूटनीति

कतर की एक अदालत में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों को जिस तरह मौत की सजा सुनाई गई थी, वह पहले ही सवालों के घेरे में थी। इसलिए भारत की ओर से इस पर कोई ठोस पहलकदमी या कूटनीतिक कदम उठाए जाने की उम्मीद की जा रही थी। इसी क्रम में भारत ने कतर की अदालत के फैसले के खिलाफ औपचारिक रूप से अपील की थी। इस संबंध में आई खबर के मुताबिक, अब कतर की अदालत ने भारत की इस याचिका को स्वीकार कर लिया है और इसका अध्ययन कर जल्दी ही सुनवाई शुरू की जाएगी। इस तरह न केवल मौजूदा कानूनी दायरे के बरक्स विकल्पों पर विचार हो सकेगा, बल्कि मानवीय लिहाज से भी इस फैसले का आकलन किया जाएगा। वैश्विक स्तर पर अलग-अलग देशों के बीच जैसे संबंध होते हैं, उसके मद्देनजर भी कानूनी कसौटियों पर विचार और जरूरत के मुताबिक उसकी उचित व्याख्या की जरूरत महसूस की जाती है। यह भी देखे जाने की जरूरत होती है कि क्या ऐसे मामलों में अंतरराष्ट्रीय कानूनों की कोई भूमिका बनती है। अपने नागरिकों पर किसी अन्य देश में कानूनी कार्रवाई पर अपना रुख तय करना किसी भी देश का अधिकार है। यह आरोपों की गंभीरता और प्रकृति पर निर्भर करता है कि कोई देश ऐसे मामले में क्या प्रतिक्रिया देता है। कतर में जिन आठ भारतीय नौसैनिकों को मौत की सजा सुनाई गई है, उन पर लगे आरोपों के बारे में कोई साफ तस्वीर नहीं है। फिर अगर वहां की कानूनी व्यवस्था ने अपनी कसौटियां लागू की भी, तो यह देखने की जरूरत है कि क्या मौत की सजा के अलावा अन्य कोई विकल्प मौजूद नहीं है। गौरतलब है कि जिन अधिकारियों को सजा सुनाई गई, वे कतर की एक निजी नौसेना कंपनी में नौकरी करने गए थे। मगर पिछले साल कतर की पुलिस ने इन अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया था। हैरानी है कि शुरुआती दिनों में कतर ने इस मामले को गुप्त रखा। हालांकि इससे संबंधित खबरों में यह बताया गया कि पकड़े गए अधिकारी इजराइल के लिए कतर की पनडुब्बी परियोजना की जासूसी कर रहे थे। मगर इस मसले पर जिस स्तर की गोपनीयता बनाए रखी गई और पारदर्शिता का खयाल नहीं रखा गया, उससे उसके औचित्य को लेकर सवाल उठे।भारत के लिए यह अपने नागरिकों के प्रति मानवीय दायित्व का मामला भी है, इसलिए इसकी ओर से इस सजा पर फिर से विचार करने की अपील करना स्वाभाविक है। अब कानूनी कार्रवाई और सजा को लेकर कतर की अदालत ने अगर भारत की अपील पर विचार करना मंजूर किया है, तो यह मानवीय तकाजों के लिहाज से एक जरूरी कदम होने के साथ-साथ भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से भी सकारात्मक कदम है। हालांकि भारत और कतर के बीच घनिष्ठ संबंध रहे हैं और विभिन्न स्तरों पर दोनों देशों में सहयोग लगातार बढ़ रहा है।ऐसे मामलों में आरोपों के समांतर अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक समीकरण के भी अपने तकाजे होते हैं। अगर कतर की अदालत में इस मसले पर पुनर्विचार किया गया और अधिकारियों को मौत की सजा को लेकर नरमी दिखाई गई, तो उसका अपना महत्त्व होगा। अन्यथा इसके बाद भारत के पास अंतरराष्ट्रीय अदालत में अपना पक्ष रखने का विकल्प बचा हुआ है। मगर यह इस पर निर्भर करेगा कि फैसले के मुताबिक सजा के अंजाम तक पहुंचने के बीच कितना वक्त मिल पाता है।

# गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व

भारतीय संस्कृति में आध्यात्मिक गुरु को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है। यहाँ तक कि सभी धर्मों में पूर्ण गुरु को परमात्मा के समान माना गया है। आज दुनियाभर में हम सब गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व मना रहे हैं। उन जैसे पूर्ण गुरु सृष्टि की शुरूआत से ही



इस धरती पर हमारी आत्मा को पिता-परमेश्वर से मिलाने के लिए आते रहे हैं। गुरु नानक देव जी महाराज का जन्म सन् 1469 ई0 को कार्तिक मास की पूर्णिमा को तलवंडी शहर (पाकिस्तान) में हुआ था। गुरु नानक देव जी महाराज सिर्फ सिक्खों के लिए ही नहीं थे, बल्कि वे संपूर्ण मनुष्य जाति के लिए थे जैसे संपूर्ण मनुष्य जाति उनके लिए थी। ऐसे महापुरुष इस धरती पर रोशनी की एक किरण बनकर आते हैं और अपने रूहानी नूर से 84 लाख जियाजून में फंसी हुई आत्माओं को पिता-परमेश्वर से एकमेक कर देते हैं। उनके मुख्य उपदेशों में "किरत करो, नाम जपो और वंड छको" प्रमुख हैं। जिससे तात्पर्य है कि इंसान अपनी मेहनत की कमाई करता हुआ प्रभु का सिमरन करे और सबके साथ मिल-बाँटकर खाए। गुरुबाणी में गुरु नानक देव जी महाराज इस संसार के बारे में फरमाते हैं, "नानक दुखिया सब संसार" कि इस दुनिया में हरेक इंसान दुःखों से घिरा हुआ है। कोई न कोई दुःख सबको लगा हुआ है। हर इंसान सोचता है कि सबसे ज़्यादा दुःख मुझे है। अगर देखा जाए तो जब तकलीफ आती है तभी हम प्रभु को याद करते हैं और जब सब कुछ ठीक हो जाता है, फिर हम अपने कार्यों में मस्त हो जाते हैं। ये दुःख और सुख का चक्र हमारे जीवन में चलता रहता है। तो अब ये सवाल उठता है कि हम हमेशा-हमेशा के सुख को कैसे पा सकते हैं? इस बारे में परम संत कृपाल सिंह जी महाराज अक्सर फरमाया करते थे कि "सो सुखिया जो नाम आधार।" यानि जो व्यक्ति पिता-परमेश्वर के नाम के साथ जुड़ गया वही सुखी है। नाम के साथ जुड़ने के लिए हमें किसी पूर्ण गुरु की शरण में जाना होगा, जो हमें अपनी दयामेहर से प्रभु की ज्योति और श्रुति से जोड़ देते हैं, जिसे गुरुबाणी में 'नाम' कहा गया है और जिसका अनुभव हम अपने अंतर ध्यान-अभ्यास के द्वारा कर सकते हैं। ध्यान-अभ्यास के द्वारा हमें अपने आपको असली रूप में देखते हैं। यह वो रूप है जो शारीरिक नहीं बल्कि आत्मिक है। वो आत्मा जो पिता-परमेश्वर का अंश है और उनके प्रेम से भरपूर है। वो आत्मा जो चेतन है, और जो हमें जान दे रही है। जब हमारी आत्मा पिता-परमेश्वर के प्रेम का अनुभव करती है तो वो हर समय प्रभु-प्रेम की मस्ती की अवस्था में रहती है। मस्ती की इस अवस्था को गुरु नानक देव जी महाराज ने अपनी बाणी में कहा है कि, "नाम खुमारी नानका, चढ़ी रहे दिन रात"। जो नाम की खुमारी है, जो प्रभु का अमृत हमारे अंदर बरस रहा है, जब ध्यान-अभ्यास के द्वारा हम अपने अंतर में उसका अनुभव करते हैं तो उसकी मस्ती और उसका आनंद दिन-रात चौबीस घंटे हमारे साथ रहता है और जब हमारी आत्मा यह अनुभव करती है तो उसका मिलाप पिता-परमेश्वर से हो जाता है। गुरु नानक देव जी महाराज ने "एक पिता एकस के हम बारिक" के संदेश को भी समस्त संसार में फैलाया। उनके इस उपदेश के अनुसार हम सब एक ही पिता-परमेश्वर के परिवार के सदस्य हैं। इसलिए हम आपस में प्रेम-प्यार से रहें और एक-दूसरे की मदद करें। जब हम ऐसा जीवन व्यतीत करते हैं तो हम अपने भीतर प्रभु के प्रेम का अनुभव करते हैं और ऐसे महापुरुष इसी प्रभु के प्रेम को हम सबको बांटने के लिए इस धरा पर आते हैं। जिससे कि हमें जिंदगी जीने की सही राह मिलती है। ऐसे पूर्ण गुरु हमें समझाते हैं कि हम अपने जीवन के परम लक्ष्य अपने आपको जानना और पिता-परमेश्वर को पाना को इसी जीवन में पूरा कर सकते हैं। आईये! गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व को हम सही मायनों में तभी मना सकते हैं, जब हम उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में ढालें और उन पर अमल करें।

– संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

## जनजीवन उत्थान समिति द्वारा शोक सभा का आयोजन

काशीपुर(उद संवाददाता)। जन जीवन उत्थान समिति द्वारा समिति के कार्यालय श्री जगदीश प्रेरणा भवन के सभागार में वरिष्ठ अधिवक्ता ओम प्रकाश चौहान पूर्व ई ओ नगर पालिका काशीपुर के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। तथा 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई कि ईश्वर उनके परिजनों को गहन दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। वक्ताओं ने कहा की स्वर्गीय ओम प्रकाश चौहान काफी समय पूर्व नगर पालिका काशीपुर के ई ओ के पद पर कार्यरत रहे थे और बहुत ही मृदुभाषी तथा जनमानस के लोकप्रिय थे उनके निधन से समाज को एक अपूर्ण क्षति पहुंची है । शोक सभा में समिति अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट,भास्कर त्यागी एडवोकेट, देवांग मिश्रा एडवोकेट, अंकित चौधरी एडवोकेट, सैयद आसिफ अली, रईस अहमद एडवोकेट, अमृतपाल सिंह,सैयद इफरा एडवोकेट,मुमताज एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

## शिविर में आंखों की निःशुल्क जांच

गूलरभोज(उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन चिकित्सालय रुद्रपुर द्वारा ग्राम सभा विक्रम नगर में स्वर्गीय राजरानी एवं स्वर्गीय कृपाल सिंह जी की स्मृति में आंखों का निशुल्क जांच शिविर कैंप लगाया गया जिसमें डॉक्टर नूतन जैन द्वारा आंखों की जांच की गई। आंखों के ऑपरेशन के मरीजों को बस के द्वारा अस्पताल लाना ले जाना फ्री किया गया। डॉ नूतन जैन द्वारा 120 लोगों की आंखों की जांच की गई जिसमें 15 लोगों के ऑपरेशन किए जाएंगे। रेडक्रॉस सोसाइटी गदरपुर एवं व्यापार मंडल गूलरभोज द्वारा सहयोग किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर सोनू विश्वास ,राकेश कुमार, करतार चंद बठला, डॉ कुलदीप रघुवंशी, बलदेव राज दहूजा, रामकिशन दहूजा, शिवम रघुवंशी, वैभव रघुवंशी, राजकुमार रघुवंशी, देव रघुवंशी, गुलशन कुमार, रोशन लाल, रॉबिन ग्रोवर, किरण रानी, पुष्पा रानी, बीना रानी, कमलेश रानी, संगीता हेमलता आदि उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने श्रमिकों की सकुशल वापसी के लिए की अरदास

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को गुरु पर्व के अवसर पर रायपुर रोड़, देहरादून स्थित श्री नानकसर सतसंग सभा गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर मत्था टेका तथा कीर्तन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। राज्यपाल ने गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर देश एवं प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। उन्होंने कहा कि गुरू नानक देव जी के ज्ञान का प्रकाश आज भी पूरी मानवता को प्रकाशित कर रहा है। गुरू नानक देव जी ने मानवता, वैश्विक बन्धुत्व, एकता और सेवा का संदेश दिया जो



आज भी प्रासंगिक है। राज्यपाल ने कहा की गुरुनानक देव जी ने अपने मूल मंत्र में सबका भला, और सब कुछ तेरा को जो संदेश दिया है वह सबसे बडा संदेश है। इस अवसर पर राज्यपाल ने उत्तरकाशी के सिल्कयारा सुरंग में फंसे श्रमिकों के जल्द से जल्द सकुशल बाहर निकलने के लिए भी प्रार्थना की। राज्यपाल ने कहा कि श्रमिकों को सकुशल निकालने के लिए सभी एंजेसियों द्वारा बहुत सुनियोजित तरीके से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। एजेंसियां अनेकों विकल्पों पर भी प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा की इस समय की सर्वोच्च प्राथमिकता सभी श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने की है। राज्यपाल ने कहा की उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सभी श्रमिक जल्दी ही कुशलतापूर्वक बाहर निकल जाएंगे। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती गुरमीत कौर, गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सदस्य एवं अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

## भारत को विश्व पटल पर स्थापित कर रहे हैं प्रधानमंत्री मोदीः जुल्फिकार

गदरपुर। बूथ संख्या 69 आजाद नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश मंत्री जुल्फकार अली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व पटल पर भारत को सशक्त व समृद्ध राष्ट्र के रूप में स्थापित कर रहे हैं। उन्हीं के प्रयासों का नतीजा है, जो देश इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है और हर क्षेत्र में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 107 वां एपिसोड प्रसारित हुआ।



इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए प्रत्येक क्षेत्र में देशवासियों की उपलब्धियों का बखान किया। साथ ही लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया। मन की बात कार्यक्रम के संपन्न होने के बाद अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश मंत्री जुल्फकार अली ने कहा कि 2014 से पूर्व के भारत और आज के भारत में जमीन आसमान का अंतर है। पहले देश छोटी-छोटी चीजों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के नारे के साथ कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो चुका है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कराया है, जिससे महिलाओं को आगे बढ़ने में और अधिक मदद मिल सकेगी। इस मौके पर इंतेखाब हुसैन, इदरीस अहमद, अंजार हुसैन, रईस अहमद इदरीसी, निर्मल मास्टर, अमीर अहमद, नसीम, वसीम, नाजिम सैफी, सलीम आदि बहुत से लोग मौजूद थे ।

## 2024 में कांग्रेस मुक्त होगा भारतः मुनि

गदरपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष मुनि भुसरी ने कॉग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के पास जनता के बीच जाने का कोई मुद्दा नही बचा है और ना ही कांग्रेस के पास लोक सभा चुनाव के लिए कोई चेहरा है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पदाधिकारी सिर्फ मीडिया में खबरे



लगवाकर सुर्खियों में बना रहना चाहते हैं। ऐसे में कांग्रेस के लोग बिना किसी बात के कभी पुतला दहन करते हैं तो कभी ऊल जलूल बयान देकर अपनी मानसिकता का परिचय देते हैं। जनता जानती है की राष्ट्रीय हित में कौन सी पार्टी काम कर रही है और कौन सी नहीं। भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा सबका साथ सबका विकास का दृढ़ संकल्प लेते हुए मोदी सरकार एवं पुष्कर धामी की सरकार की जनता की हर योजना को अंतोदय तक पहुंचाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा हर वर्ग में भारतीय जनता पार्टी ने देश का नाम पूरे विश्व के सामने रोशन किया है और पूरे विश्व में कहीं ना कहीं भारत को विश्व गुरु की दृष्टि से देखा है। मुनि भुसरी का कहना है कांग्रेस अपने अस्तित्व को भले ही कितना भी बचाने का प्रयास कर ले लेकिन देश की जनता 2024 में कांग्रेस मुक्त भारत का निर्माण करने जा रही है।उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है और पूरे देश को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी पर गर्व है।

## सगी बहनों की मौत मामले में पिता के खिलाफ केस दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी मजरा स्थित खालिक कालोनी में दो बहनों की मौत के मामले में एसआई की जांच के बाद दी गई तहरीर के आधार पर दोनों बहनों के पिता के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। एसआई ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि सूचना मिलने पर वे मौहल्ला खालिक कालोनी, 3 टावर के पास स्थित अली हसन पुत्र अहमद हसन के घर गये जहां उन्हें अली हसन की दो पुत्रियां फरीन (उम्र 19 वर्ष) व यासमीन (उम्र 11 वर्ष) मृत अवस्था में मिलीं। पुलिस ने इस मामले में मृतक लड़कियों के पिता के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

## बाबा रिसोर्ट परिसर से बाइक चोरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज के सामने स्थित एक रिसॉर्ट परिसर से अज्ञात चोरों ने मोटरसाइकिल उड़ा दी। पुलिस की तहरीर के आधार पर मामले की प्राथमिक की दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम बेंतवाला थाना कुंडा निवासी मोनू कुमार पुत्र छत्रपाल ने बताया कि 26 नवंबर को वह मानपुर रोड पर उदय राज हिंदू इंटर कॉलेज के सामने स्थित बाबा रिसोर्ट में आयोजित एक समारोह में शामिल होने के लिए गया था इसी दौरान रिजॉर्ट परिसर के अंदर खड़ी उसकी मोटरसाइकिल संख्या यूके 18 एफ/9117 पर घात लगाए चोरों ने हाथ साफ कर दिया।

## नगदी समेत सटोरिया गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। सट्टे की अवैध खाईबाड़ी में लिप्त एक शख्स को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से सैकड़ों की नगदी के अलावा पेन डायरी आदि बरामद किया है। पूछताछ के बाद गिरफ्तार सटोरिया का पुलिस द्वारा गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने मोहल्ला थाना साबिक से एक शख्स को सट्टे की अवैध खाईबाड़ी करते हुए दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए सटोरिया ने अपना नाम मोहल्ला बांसफोड़ान निवासी तस्लीम पुत्र यासीर बताया। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को800 रुपए की नगदी के अलावा पेन डायरी सट्टे की पर्ची आदि बरामद हुई। जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस द्वारा गिरफ्तार सटोरिया का गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# नानकमत्ता में धूमधाम से निकला नगर कीर्तन





नानकमत्ता(उद संवाददाता)। सिक्खों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब की प्रबंध कमेटी के तत्वाधान में विशाल नगर कीर्तन आयोजित किया गया। नगर कीर्तन में श्रद्धालुओं की भीड उमड़ी। नगर कीर्तन में फूलों से सजी पालकी में गुरु ग्रंथ साहिब जी को विराजमान किया गया। पालकी के आगे पंज प्यारे चल रहे थे। पंज प्यारों के आगे श्रद्धालु फुलो की वर्षा करते हुए चल रहे थे। पालकी के पीछे स्त्री सत्संग की महिला शब्द कीर्तन कर चल रही थी। सतगुरु नानक नानक प्रगटया, मिट्टी धुंध जग चानन होया। विशाल नगर कीर्तन धर्मिक डेरा कार सेवा के प्रमुख तरसेम सिंह ने स्वागत किया फल का प्रसाद वितरण किया गया। नगर कीर्तन का व्यापारियों ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। व्यापारियों ने जगह जगह स्टॉल लगाकर चाय, फल, बूंदी का प्रसाद वितरण किया। नगर कीर्तन में रुद्रपुर से पहुंचा रंजीत अखाड़ा ने हरअंग्रेज करतब दिखाए। नगर के मुख्य चौराहे पर विशाल शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया। विशाल नगर कीर्तन में श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज श्री नानक बालिका कॉलेज गुरु नानक अकैडमी गुरु नानक डिग्री कॉलेज बच्चों ने प्रतिभाग किया। न्यू लाइट स्कूल का भांगड़ा आकर्षण का केंद्र बना रहा। गुरुद्वारा साहिब को बिधुत लाइट उसे सजाया गया। नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया। नगर कीर्तन धार्मिक डेरा कार सेवा से होते हुए सितारगंज मार्ग, खटीमा मार्ग, गुरुद्वारा मार्ग से होते हुए वापस गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब पहुंचा। गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर पर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र की श्रद्धालुओं न की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा शहर बोले सो निहाल सत श्री अकाल से जयकारे से गुंजायमान हो गया। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी ने संगत को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की बधाई भी दी। मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान डॉ हरबंस सिंह चुघ महासचिव अमरजीत सिंह भजन सिंह उपाध्यक्ष कमलेश कौर गुरवंत सिंह सोनी दविंदर सिंह गुरदयाल सिंह सुखवंत सिंह भुल्लर कुलदेव सिंह चीमा नवल सिंह संधू दिलबाग सिंह अमरजीत सिंह बलजीत सिंह प्यार सिंह करनैल सिंह दारा सिंह रणजीत सिंह गुरनाम सिंह गुरजीत सिंह आदि संगत मौजूद थी।

## धूमधाम से मनाया संविधान दिवस




रूद्रपुर (उद संवाददाता)।संविधान दिवस के अवसर पर कांग्रेसजनों द्वारा देश के प्रथम कानून मंत्री और संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौक पहुंचकर डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। यहां वक्ताओं ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान का निर्माण किया और आज ही के दिन 26 नवंबर को इसे लागू किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ भीमराव अंबेडकर के अनुयाई रामस्वरूप भारती और धर्मपाल सिंह द्वारा पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा को भारतीय संविधान की प्रति भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इससे पूर्व श्रीमती मीना शर्मा ने देशवासियों से भारतीय संविधान के अनुसार देश को मजबूत,सशक्त, आत्मनिर्भर, और प्रेम भाव से परिपूर्ण भारत के निर्माण में आगे आने का आवाहन किया। इस अवसर पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश बाबरा, नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि साजिद खान, निगम पार्षद मोनू निषाद, महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधान विजय यादव,अनिल शर्मा, नाजिर अहमद, उमर अली सलमानी, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाईचारा एकता मंच की पंतनगर कार्यकारिणी की घोषणा



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाईचारा एकता मंच की पंतनगर की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है जिसमें भावना सक्सेना को पुन: अध्यक्ष तो नीरू मिश्रा को महामंत्री बनाया गया है वही शालिनी गुप्ता, सरस्वती, पार्वती व ममता शर्मा को भी कार्यकारिणी में जगह मिली है । बता दें नवंबर की मासिक बैठक में भाईचारा एकता मंच की सभी कार्यकारिणी भंग कर दी गई थी। आज पंतनगर में नीरू मिश्रा के आवास पर आयोजित हुई भाईचारा एकता मंच की बैठक में पंतनगर की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जिसमें भावना सक्सेना को पुन: अध्यक्ष नीरू मिश्रा को महामंत्री तथा सरस्वती को वरिष्ठ उपाध्यक्ष शालिनी गुप्ता को उपाध्यक्ष पार्वती को सचिव तथा ममता शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया है। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष के पी गंगवार ने पंतनगर के सभी सदस्यों के समक्ष पंतनगर की कार्यकारिणी की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आगामी दिसंबर मास की रुद्रपुर कार्यकारिणी की बैठक में सभी कार्यकारिणी के पदाधिकारी को मनोनीत पत्र दिए जाएंगे ।इस मौके पर भाईचारा एकता मंच की प्रदेश कार्यकारिणी से रेनू जुनेजा ,शीला चौधरी महानगर कार्यकारिणी से आरती मौर्य, कंचन वर्मा तथा राधा कृष्ण, धर्मेंद्र, राजा ,आरती, गीता ,शीला आदि लोग मौजूद थे।

## ग्रामीणों दी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



सितारगंज(उद संवाददाता)। विकासखण्ड सितारगंज की ग्राम पंचायत लौका में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वागत समिति के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में 78 व्यक्तियों / लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलायी गयी। उक्त आयोजित कार्यक्रम में 11 विभागों स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हथकरघा विभाग, गन्ना विकास विभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, आयुष्मान भारत, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, नाबार्ड, विभागों द्वारा स्टॉल लगाई गयी। उक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम ग्राम पंचायत लौका में 53 पुरुष एवं 25 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभार्थियों को समस्त विभागों की योजनाओं जैसे आत्मा योजना, के.सी.सी. और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पी.एम.के.एस.वाई. योजना, पी.एम. उज्जवला योजना इत्यादि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियों को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों / सामग्रियों का वितरण किया गया।कार्यक्रम में जनपदस्तरीय नोडल अधिकारी श्री आनन्द सिंह नेगी, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई सितारगंज एवं ग्राम पंचायतवार नियुक्त सहायक नोडल अधिकारी बलविन्दर सिंह, देवेन्द्र सिंह, ग्राम विअ, त्रिभुवन वर्मा, ग्राविअ, डॉजितेन्द्र कुमार, पशुपालन विभाग, लेखराज सिंह, कृषि विभाग, विजय श्रीवास्तव रीप से एवं श्रीमती सुविता देवी ग्राम प्रधान, एवं विभागीय अधिकारी इत्यादि उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों को दिलाई विकसित भारत की शपथ



गदरपुर (उद संवाददाता)। विकासखण्ड गदरपुर की ग्राम पंचायत सकैनिया में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वागत समिति के सदस्य श्रीमती सरिता एवं सुनीता द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित व्यक्तियों / लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलायी गयी। उक्त आयोजित कार्यक्रम में विभागों स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, गन्ना विकास विभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, आयुष्मान भारत, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, विभागों द्वारा स्टॉल लगाई गयी। उक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम ग्राम पंचायत सकैनिया में पुरुष एवं महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभार्थियों को समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे- आत्मा योजना, के.सी.सी. और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पी.एम.के.एस. वाई. योजना, पी.एम. उज्जवला योजना इत्यादि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया । कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत सकैनिया में 5 कृषकों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव सांझा किया गया। कार्यक्रम में इच्छुक लाभार्थियों के उज्जवला योजना कार्ड भी बनाये गये। कार्यक्रम में जनपदस्तरीय नोडल अधिकारी श्री प्रकाश चन्द्र पाण्डे, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, रूद्रपुर एवं ग्राम पंचायतवार नियुक्त सहायक नोडल अधिकारी श्री मंगत राम, राजस्व निरीक्षक एवं श्रीमती मीना देवी ग्राम प्रधान, अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी इत्यादि उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**सुरंग में आज से ...**सेना इंजीनियरिंग रेजीमेंट भी सहयोग करेगी। बीआरओ के फार्मर इंजीनियरिंग चीफ लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह ने कहा कि अगर कोई बाधा नहीं आई तो, 24 से 36 घंटे के अंतराल में सुरंग में फंसे श्रमिकों का सकुशल रेस्क्यू किया जाएगा। वहीं केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह (सेवानिवृत्त) ने उत्तरकाशी में सिल्क्यारा सुरंग के मुहाने के पास बने मंदिर में पूजा-अर्चना की।

**एक रात में तीन दुकानों...**कार्यालय के सामने स्थित सीक्रेट ब्यूटी पार्लर की स्वामिनी श्वेता आर्या पुत्री स्व. मोहन राम आर्या निवासी ग्राम फुलसुंगी ने बताया कि उसने गत रात्रि करीब 9 बजे दुकान बंद की थी। सोमवार प्रात: लगभग 10 बजे रोज की तरह दुकान खोलने आई तो देखा शटर के दोनों ताले टूटे हुए थे। जब उसने भीतर झांका तो कांच का दरवाजा फर्श पर टूटा दिखाई दिया। उसने बताया दुकान के अन्दर पहुंची तो सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। गल्ला भी खुला था जिसमें रखे करीब 50 हजार रूपये नगद तथा कान के दो सोने के झुमके व दो अंगूठी जिनकी कीमत करीब 60 हजार है अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। वहीं पड़ोस की दुकान कालड़ा ट्रेडर्स के स्वामी अशोक कालड़ा ने बताया कि प्रात: जब दुकान खेलने आये तो दुकान के ताले टूटे हुए मिले। भीतर जाकर देखा तो अज्ञात चोरों द्वारा गल्ला तोड़ने की कोशिश की गई थी लेकिन सेंटर लॉक नहीं तोड़ पाये। जिससे गल्ले में रखी नगदी सुरक्षित बच गई। वहीं पड़ोस में ही स्थित मनीष पाहवा की दुकान पाहवा इलेक्ट्रिकल्स में भी चोरों ने ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया चोरों ने दुकान का बैटरा बाहर निकाल लिया था लेकिन उसे बाहर ही छोड़ गये। सूचना पर आवास विकास चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। आवास विकास चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नीमा बोहरा ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य नशा करने वाले लोगों का हो सकता है। क्योंकि ब्यूटी पार्लर शॉप से सिर्फ गल्ले से ही सामान चोरी किया गया है। जबकि दुकान में इस्तेमाल होने वाले कीमती सामान को चोर नहीं ले गये हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज को बारीकी से देखने के बाद मामले की शीघ्र खुलासा कर दिया जायेगा। आवास विकास के मुख्य मार्ग श्याम टाकीज रोड़पर दो दुकानों के ताले टूटने की घटना से लोगों में भारी रोष देखा गया।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम नैनसी गर्ग (NANCY GARG) से बदलकर पलक अग्रवाल (PALAK AGARWAL) कर लिया है अत: भविष्य में मुझे पलक अग्रवाल पत्नी श्री गौरव अग्रवाल (PALAK AGARWAL W/o GAURAV AGARWAL) के नाम से जाना पहचाना जाये।

वर्तमान पता सितारगंज रोड नानकमत्ता, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड, 262311 है।


**नगर कीर्तन के दौरान...**शाम को शहर में प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विशाल नगर कीर्तन निकाला जा रहा था। इसी दौरान बाजार में गुब्बारा बेचने वाले का सिलेंडर अचानक धमाके के साथ फट गया। जिससे उसकी साइकिल चकनाचूर हो गई और साईकिल सवार मामूली रूप से घायल हो गया। सिलेंडर का एक हिस्सा दूर तक उड़ता हुआ चला गया जिसे शोभायात्रा के लिए बनाई गई बिजली की लड़ियां भी टूट गयी। जिससे वहां अफरा तफरी मच गयी। लेकिन संयोग से बड़ी दुर्घटना टल गयी। इस दौरान पास ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल अपने साथियों के साथ संगत की सेवा के लिए स्टॉल लगाकर खड़े हुए थे।

**महिला ने व्यवसायी अनूप...**की बातों पर यदि विश्वास करें तो शराब कारोबारी वरुण अग्रवाल को इस मकाम तक पहुंचाने वाला अनूप अग्रवाल है। यानि आज जो कुछ भी वरुण अग्रवाल की हैसियत है, कहा जाए कि यदि इसका अधिकांश श्रेय अनूप अग्रवाल को जाता है तो अतिशयोक्ति नहीं होगी लेकिन इसके बावजूद वरुण की पत्नी ने अनूप अग्रवाल पर गंभीर आरोप लगाए। इसकी असल वजह क्या है यह अभी यक्ष प्रश्न है लेकिन लोगों के बीच चर्चा है कि एक व्यक्ति को कानून के जाल में बुरी तरह जकड़ने के लिए सब कुछ सुनियोजित तरीके से हो रहा है। चर्चा यह भी है कि इतनी बड़ी रकम के लेनदेन का मामला यदि वास्तव में था तो पीड़ित पक्ष ने पहले कानून का सहारा आखिर क्यों नहीं लिया?

**प्रतिबंधित मांस के ...**तो में सरताज उर्फ द्वारा पुत्र मोहम्मद हनीफ पुत्र हनीफ निवासी वार्ड नंबर 20 इंदिरा नगर थाना कोलकाता के अलावा वसीम पुत्र निवासी हाजी रफीक थाना मोहम्मद फरीद निवासी वार्ड नंबर 184 बीघा पलवट्टा फरीद निवासी मोहल्ला वार्ड नंबर 18 4 बीघा फरार हो गए जिनकी पुलिस सरगम से तलाश कर रही है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# नगर कीर्तन का जगह जगह किया स्वागत

## विभिन्न राजनैतिक, सामाजिक संगठनों के लोगों द्वारा पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया, व्यापारियों ने बांटा प्रसाद





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरू नानक देव जी महाराज के प्रकाशोत्सव पर आयोजित नगर कीर्तन का गत दिवस मार्ग में अनेक स्थानों पर विभिन्न राजनैतिक, सामाजिक व अन्य संगठनों के लोगों द्वारा पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया गया। विधायक शिव अरोरा की धर्मपत्नी डॉ सीमा अरोरा ने मुख्य बाजार पहुँचे पांच प्यारो का सरोपा भेट कर स्वागत सत्कार किया, वही नगर कीर्तन में शामिल हुए अलग अलग गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों व शामिल अनेको स्कूलों के मुख्य लोगो को शॉल ओढ़ाकर भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर ने उनका स्वागत किया, पालकी साहिब का पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया। वही नगर कीर्तन के दौरान झांकियां देखने वहुचे हजारों श्रद्धालुओं को सिख समाज के लोगों व व्यापारियों द्वारा मुख्य मार्ग पर चने, हलवा, चाय, बिस्कुट आदि का प्रसाद वितरण किया। इस दौरान, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, गुरमीत सिंह, सुरेश कोली, उपनेंद्र चौधरी, वेद ठुकराल, केके दास, किरन विर्क, सोनू अनेजा, मयंक कक्कड़ रामप्रकाश गुप्ता, यशपाल घई, अशोक गुम्बर, रोनिक नारग, राधेश शर्मा, सुनील ठुकराल, पुरषोत्तम अरोरा, विजय वाजपेयी, महि सकलानी, स्वाति शर्मा, आशा मुंजाल, ममता त्रिपाठी, ऋतु डाबर, प्रीति धीर, गिरिश पाल, प्रमोद शर्मा, मनोज मदान, राजेश पप्पल , मनमोहन सिंह मोहित चड्डा, निमित शर्मा, विनय बत्रा, सुरेश शर्मा, राजीव पसरीचा, उमेश पसरीचा, नमन चावला, रवि दिवाकर,मानव कक्कड़, जुग्गू बांगा, सोनू वर्मा, राजकुमार कोली, आशीष यादव, भूपराम, राजेश गर्ग, नीरज यादव, नन्दलाल, चंद्रपाल कोली व अन्य लोग मौजूद रहे। गांधी पार्क में श्री सिद्धेश्वर बाला जी मंदिर के महंत रमेश वशिष्ठ के नेतृत्व में बाबा भक्तों ने पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया। उनके साथ अभिषेक वशिष्ठ, संजय राजपूत, योगेश, शुभम वशिष्ठ, दर्श, हिमांशु, रमेश व कमल आदि मौजूद थे। मुख्य बाजार में किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के सुपुत्र गौरव बेहड़ के साथ मीना शर्मा, अनिल शर्मा, राकेश जोशी, नरेश शर्मा, सुमित राय, संजीव रस्तोगी, रामाधारी गंगवार, देवू कोली, रंजीत राणा, सुदर्शन शर्मा, विजय अरोरा, जगदीश तनेजा, दिनेश पंत, राखी जोशी, मोनिका ढ़ाली, सरोज रानी, ममता रानी, विजय यादव, सुदर्शन अरोरा ने नगर कीर्तन का स्वागत किया। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के साथ संजय ठुकराल, आदि ने नगर कीर्तन का स्वागत किया। इस दौरान भव्य झांकियों की प्रदर्शन देख श्रद्धालु उत्साहित दिखे वहीं गतका पार्टी ने अपने हैरतअंगेज करतब भी दिखाये।































